# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**07.07.2024** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- सर्वोच्च न्यायालय में नीट संबंधी याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई– नए सिरे से परीक्षा करवाने की मांग भी याचिका में शामिल।
- प्रदेश में 3 विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार चरम पर– कल शाम 6 बजे थम जाएगा चुनाव प्रचार।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– अराजकता व अहंकार भरा रहा कांग्रेस का वर्तमान कार्यकाल।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– राजधानी शिमला सहित अनेक भागों में आज भी हुई व्यापक वर्षा।

**नीट मामला**

सर्वोच्च न्यायालय में कल 8 जुलाई को नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। छात्रों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की एक अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यांयालय में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट–यूजी 2024 को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने ये भी तर्क दिया है कि नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पडेगा।

**उप–चुनाव**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए अब तीन दिन शेष रह गए हैं। इन क्षेत्रों में खुलेआम चुनाव प्रचार का कल शाम 6 बजे थम जाएगा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेता इन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बीच कांगड़ा ज़िला दण्डाधिकारी हेमराज बैरवा ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव को लेकर आदेश जारी किए हैं। इसके तहत देहरा क्षेत्र में कल शाम 6 बजे के बाद रैलियों और जनसभाओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा मतदान समाप्ति तक लाउडस्पीकर के उपयोग, रैली और जुलूस निकालने पर भी प्रतिबंध रहेगा। चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़ कर अन्य व्यक्तियों को मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में घातक हथियार, बैनर और स्टीकर लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर के पक्ष में कई स्थानों पर जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में राज्य के संसाधनों की लूट बंद करने की दिशा में कई प्रयास किए हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप एक वर्ष में ही 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रूपए प्रदान कर रही है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में पिछले 18 महीने में कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जन संपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि ये पहला चुनाव है जहां कोई सरकार बिना उपलब्धि के जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा इस कार्यकाल में कुछ नहीं किया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने केवल झूठी गारंटियों और झूठे वायदे कर प्रदेश की भोली–भाली जनता को ठगने का काम किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास हुआ लेकिन कांग्रेस के आते ही विकास कार्य ठप्प पड़ गए हैं। इस कार्यकाल में कांग्रेस ने प्रदेश पर केवल कर्ज का बोझ बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास उपलब्धि के नाम पर बताने के लिए कुछ नहीं है और भाजपा के कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास कर रही है।

**<u>चुनाव प्रचार</u>**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के.एल. ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। विभिन्न स्थानों पर हुई जनसभाओं में उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए भारी उत्साह है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में विकास का एक भी काम नहीं किया जिसके परिणाम स्वरूप लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है।

वहीं दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने भी नालागढ़ के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सत्ता का खुलकर दुरूपयोग कर रही है और छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और व्यापारियों के अनुचित चालान कर उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने

कहा कि चुनाव में हार के डर के कारण ही कांग्रेस नकारात्मक रवैया अपनाए हुए है।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि तीनों विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस भारी बहुमत से जीत हासिल करने जा रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ के मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के पक्ष में है और लोग प्रदेश में कांग्रेस सरकार को मज़बूत करने के लिए एकजुट हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस जनहित के लिए पूरी तरह समर्पित है जबकि भाजपा झूठी बयानबाज़ी कर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है।

**बिंदल**

भाजपा ने कहा है कि 18 महीने के कार्यकाल में प्रदेश कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल उन विधायकों को प्रताड़ित किया है जिन्होंने जनहित के मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में 30 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज़ लेने के बावजूद सरकार ने विकास कार्य बंद कर दिए हैं और कई संस्थानों पर भी तालाबंदी की गई है।

**एग्ज़िट पोल**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मद्देनज़र देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दौरान 10 जुलाई शाम साढ़े 6 बजे तक एग्ज़िट पोल के आयोजन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान किसी भी चुनाव संबंधी सामग्री, ओपिनियन पोल के परिणाम और अन्य किसी भी प्रकार के सर्वेक्षण के प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा।

**आकांक्षी ज़िला**

भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत चम्बा के आकांक्षी ब्लॉक पांगी में लक्ष्य हासिल करने का कार्य प्रगति पर है। पांगी की आवासी आयुक्त रितिका जिंदल ने इस अभियान की सफलता में सभी विभागों से अपना योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि पांगी ब्लॉक में 6 संकेतकों में से 2 संकेतकों में सौ फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया गया है जबकि शेष बचे संकेतकों में सितम्बर माह तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांगी में गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल संबंधी संकेतक पर सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। इसके अलावा पोषण संबंधी संकेतक में भी शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। रितिका जिंदल के अनुसार इस संबंध में अभी ऑनलाइन डाटा पूरी तरह अपलोड नहीं किया गया है जिसे जल्द अपलोड कर लिया जाएगा।

**खेल मंत्री**

खेल मंत्री यादवेन्द्र गोमा ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले में आने वाले समय में पावर लिफ्टिंग की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करवाने के प्रयास किए जाएंगे। वे शाहपुर के रैत में आज पुरूष व महिला वर्ग की इक्विप्ड स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को पंजाब व हरियाणा की तर्ज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। खेल मंत्री ने कहा कि रैत के चम्बी खेल मैदान को खेलो इंडिया के तहत लाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि इस मैदान में खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने पावर लिफ्टिंग के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में कांगड़ा की टीम पहले जबकि सोलन की टीम दूसरे स्थान पर रही।

**संचार सुविधा**

जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति का दुर्गम क्षेत्र म्यार घाटी आज भी संचार सुविधा से वंचित है। बेहतर संचार सेवा न मिलने के कारण घाटी की तिंगरेट व चिमरेट पंचायतों के दर्जनों गांवों के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़

रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकतर समय टावर बंद रहने और सर्दियों के दौरान होने वाली भारी बर्फबारी के कारण उन्हें ये असुविधा हो रही है। केलंग से हमारे संवाददाता के अनुसार इंटरनेट सेवा न होने के कारण ऑनलाइन कार्यों के लिए घाटी के लोगों को 30 किलोमीटर दूर उदयपुर का रूख करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों ने सरकार से घाटी में संचार सेवा को जल्द दुरूस्त करने सहित इंटरनेट सेवा आरम्भ करने का आग्रह किया है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। ऐसे में दोपहर बाद से राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा हो रही है। पिछले कुछ दिनों से कई स्थानों पर हो रही वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से भी राहत मिली है। इसके अलावा वर्षा के चलते नदी–नाले भी उफान पर हैं। बीते 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अधिकांश स्थानों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कई क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना जताई है।

**बैठक**

हिमाचल प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका यूनियन की राज्यस्तरीय बैठक आज शिमला में हुई। इस बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन ने आउटसोर्स आधार पर एन.टी.टी. भर्ती का भी विरोध जताया और इस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देने की मांग की। यूनियन ने निर्णय लिया कि मांगों को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से मिलकर भी बातचीत की जाएगी।

**डाक अदालत**

भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रदेश के परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक, अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में कल 8 जुलाई को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत के दौरान लोगों की डाक सम्बन्धी शिकायतें सुनी जाएंगी।

## मुख्य समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय में नीट संबंधी याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई– नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग भी याचिका में शामिल।
- प्रदेश में 3 विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार चरम पर– कल शाम 6 बजे थम जाएगा चुनाव प्रचार।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– अराजकता व अहंकार भरा रहा कांग्रेस का वर्तमान कार्यकाल।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– राजधानी शिमला सहित अनेक भागों में आज भी हुई व्यापक वर्षा।

---------------------------------------------